# 1 सितंबर से नैमेड़ पंचायत में शराब पर पूर्ण प्रतिबंध, उल्लंघन करने पर 25 हजार जुर्माना

बीजापुर 2 सितंबर (दण्डकारण्य समाचार) जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर नेशनल हाइवे पर स्थित ग्राम पंचायत नैमेड़ ने सामाजिक बुराइयों पर रोक लगाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। ग्रामवासियों की सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि 1 सितंबर से गांव में अवैध शराब की बिक्रीए खरीद और सेवन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। ग्राम पंचायत भवन में हुई बैठक की अध्यक्षता सरपंच ललिता ओयाम ने की। इसमें पंचों और ग्रामीणों ने शराब से होने वाले दुष्प्रभावों पर चर्चा कर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया।



## 25 हजार रुपये जुर्माना व कानूनी कार्रवाई

ग्राम पंचायत ने साफकर दिया है कि 1 सितंबर के बाद यदि किसी को शराब बेचते खरीदते या घर में रखते हुए पाया गया तो उस पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। पंचायत ने इस निर्णय को रजिस्टर में दर्ज कर लागू करने की तैयारी शुरू कर दी है।

## सार्वजनिक स्थल पर शराब पीना भी अपराध

पंचायत ने गांव में सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन पर भी रोक लगा दी है। यदि कोई व्यक्ति खुलेआम शराब पीता पकड़ा गया तो उस पर 501 रुपये जुर्माना लगेगा।

ग्रामीणों को आदेश का पालन कराने के लिए पंचायत ने जगह.जगह पर्चे भी चस्पा कर जागरूकता अभियान शुरू किया है।

# 12 घंटे से शबरी नदी में फंसे व्यक्ति को भारतीय वायुसेना व जिला प्रशासन ने सुरक्षित निकाला

सुकमा 2 सितंबर (दण्डकारण्य समाचार)। जिला प्रशासन पुलिस बलए सीआरपीएफ और भारतीय वायुसेना के संयुक्त प्रयास से शबरी नदी में 12 घंटे से अधिक समय से फंसे नागरिक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सुकमा के नाड़ीगुफा तेलावर्ती के पास बाढ़ के चलते एक व्यक्ति बीच धारा में फंस गया था। स्थानीय प्रशासन और पुलिस अमला तुरंत मौके पर पहुँचा और रेस्क्यू कार्य शुरू किया लेकिन तेज धारा और नदी में बड़े.बड़े पत्थरों के कारण मोटरबोट से व्यक्ति को बाहर निकालना संभव नहीं हो पा रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन और भारतीय वायुसेना ने ड्रोन की मदद से फंसे व्यक्ति का लोकेशन ट्रेस किया गया और तत्परता से वायुसेना की टीम को रेस्क्यू के लिए लगाया गया। करीब 12 घंटे की मशक्कत के बाद संयुक्त दल ने उस व्यक्ति को सुरक्षित निकालने में सफलता हासिल की।



## टीम ने समन्वय और साहस का परिचय दिया - कलेक्टर

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि रेस्क्यू अभियान जिला प्रशासन पुलिस सीआरपीएफ और भारतीय वायुसेना के आपसी समन्वय और त्वरित कार्यवाही का परिणाम है। उन्होंने कहा कि फंसे हुए व्यक्ति को सकुशल बाहर निकाला गया। इस पूरे रेस्क्यू अभियान में जिला प्रशासन सुकमा पुलिस बल सीआरपीएफ और भारतीय वायुसेना की टीम ने समन्वय और साहस का परिचय दिया।

# बाढ़ पीड़ित परिवारों को रेडक्रॉस सोसायईटी द्वारा किचन सेट और हाईजीन किट का किया गया वितरण



बीजापुर 2 सितंबर (दण्डकारण्य समाचार) बीजापुर जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र भैरमगढ़ ब्लॉक के सुरोखी गांव के ग्रामीण परिवारों को कलेक्टर संबित मिश्रा के दिशा.निर्देश में रेडक्रॉस सोसायटी बीजापुर द्वारा 18 नग किचन सेट एवं हाईजीन किट का वितरण स्थानीय जनप्रतिनिधियों सरपंचए उप सरपंच के माध्यम से कराया गया। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्राम सुरोखी के कुंजाम पारा के 18 परिवार के 86 सदस्यों को सुरोखी के राहत शिविर में रखा गया है। जिला प्रशासन द्वारा उन्हे सभी प्रकार की सुविधाएं मुहैया करायी जा रही है। सामग्री वितरण के दौरान रेडक्रॉस के जिला संगठक नरवेद सिंह सहित रेडक्रॉस के अन्य विद्यार्थीगण स्कूल के प्राचार्य मौजूद थे।

# बाढ़ में बही पुस्तकें, टेबलेट भी हुआ खराब, पर नहीं रुकेगी पूनम की प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी



## ✷ मुख्यमंत्री की पहल पर पूनम को मिली पुस्तकें और नया टेबलेट

दंतेवाड़ा 2 सितंबर (दण्डकारण्य समाचार)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर बाढ़ से प्रभावित दंतेवाड़ा की पूनम पटेल की प्रशासनिक अधिकारी बनने की तैयारी आगे भी निर्बाध जारी रहेगी। पूनम पटेल दंतेवाड़ा जैसे नक्सल प्रभावित इलाके में रहकर पिछले तीन वर्षों से यूपीएससी की तैयारी कर रही हैं। हाल ही में दंतेवाड़ा में आई बाढ़ से प्रभावित होने के कारण पूनम का पूरा परिवार राहत शिविर में है। सोमवार को मुख्यमंत्री साय ने पूनम से मुलाकात कर उनका हाल.चाल जाना। मुख्यमंत्री की पहल पर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु पूनम को आवश्यक पुस्तकें और एक नया टेबलेट उपलब्ध कराया गया है। अब पूनम की यूपीएससी तैयारी में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। दंतेवाड़ा जिले के चूड़ीटिकरा पारा वार्ड की रहने वाली पूनम पटेल पिछले तीन वर्षों से यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रही हैं। हाल ही में आई बाढ़ में उनका घर क्षतिग्रस्त हो गया और घर का सारा सामान बह गया। पूनम ने बताया कि बाढ़ के पानी में उनकी सभी पुस्तकें बह गईं और टेबलेट भी खराब हो गया। पूनम ने कहा कि उनके पिता संतोष पटेल किराना दुकान चलाकर परिवार का पालन.पोषण करते हैं और उन्हीं की आमदनी से बड़ी मुश्किल से एक.एक पैसा जोड़कर यूपीएससी की पढ़ाई के लिए टेबलेट खरीदा था। बाढ़ के पानी में पुस्तकें और टेबलेट खराब हो जाने से पूनम आगे की तैयारी को लेकर बेहद चिंतित थीं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा पूनम को नया टेबलेट और प्रतियोगी परीक्षाओं की आवश्यक पुस्तकें उपलब्ध कराई गईं। इस सहायता से पूनम को बड़ी राहत मिली है। अब पूनम के प्रशासनिक अधिकारी बनने की राह में बाढ़ भी बाधा नहीं डाल पाएगी।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर आपदा प्रभावितों की सहायता तेज

## ✷ कमिश्नर, कलेक्टर व विधायक ने प्रभावित ग्रामों में पुनर्वास एव पुनर्निर्माण कार्यो का लिया जायजा



दन्तेवाड़ा, 2 सितंबर (दण्डकारण्य समाचार) मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय के निर्देशन में आपदा प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत प्रदान करने की दिशा में जिला प्रशासन सतत कार्य कर रहा है। गौरतलब है कि जिले के सर्वाधिक प्रभावित ग्राम बालपेट, बां÷पाल, तुमनार के प्रभावित परिवारों के खातों में विगत दिवस तक 1,91,29,000 की राशि भुगतान की जा चुकी है। इसी क्रम में आज कमिश्नर डोमन सिंह, जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत ने एवं दंतेवाड़ा विधायक श्री चैतराम अटामी गाँव तुमनार पहुँचे और अति बारिश से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि इस गांव में 52 घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं। तथा बचे हुए प्रभावित परिवारों को आगामी सोमवार तक पूरी राहत राशि कल तक उपलब्ध करा दी जायेगी।

इसके साथ ही शाम 5 बजे कमिश्नर द्वारा मुख्यालय के चूड़ी टिकरापारा वार्ड पहुंचकर बाढ़ प्रभावित परिवारों से भी मुलाकात की साथ ही उनके पुनर्वास की स्थिति का मुआयना किया गया। अधिकारियों ने पीड़ितों को भरोसा दिलाया कि भोजन, आवास, स्वास्थ्य व शिक्षा से जुड़ी सभी आवश्यक सुविधाएं जिला प्रशासन द्वारा प्राथमिकता से सुनिश्चित की जाएंगी। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा मौजूद रहे।

# सूक्ष्म खाद्य उद्योग को बढ़ावा देने कार्यशाला आयोजित

कोण्डागांव, 02 सितम्बर (दडकारण्य सामाचार)। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत आज जनपद पंचायत बड़ेराजपुर में एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में योजनान्तर्गत जिले में खाद्य पदार्थों के निर्माण के लिए उद्योग स्थापना हेतु कार्यशाला में उपस्थित ब्लॉक के स्व सहायता समूह एवं विभिन्न ग्राम पंचायतों के रोजगार सहायक को मार्गदर्शन किया गया। कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कोण्डागांव से श्रीमती कुसुमलता नेताम, प्रबंधक, श्रीमती नम्रता एल्मा, सहायक प्रबंधक, के नेतृत्व में कार्यशाला आयोजन किया गया। कार्यशाला में श्री एस.एल. देवांगन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बड़ेराजपुर, श्री टिकेन्द्र हिरवानी, (डीपीएम) बड़ेराजपुर, श्रीमती याशिका शरार्डे, मांझिनगढ़ कम्पनी, श्री संदीप सरकार, शाखा प्रबंधक छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक विश्रामपुरी, श्रीमती रामेश्वरी मरकाम (डीआरपी) केशकाल की उपस्थिति में कार्यशाला का आयोजन सम्पन्न किया गया ।

# इंद्रावती नदी में डूबे दो छात्राओं का शव पांच दिन बाद मिला

## ◆ नाव पलटने से हुई थी दुर्घटना

बीजापुर 02 सितम्बर (दडकारण्य सामाचार).बस्तर संभाग में आई भीषण बाढ़ ने जनजीवन अस्त.व्यस्त कर दिया है। बीजापुर जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक अंतर्गत चिंगेर गांव की दो छात्राओं का शव शनिवार को इंद्रावती नदी से बरामद कर लिया गया । बीते सोमवार को चिंगेर गांव की दो छात्राएं जो पांचवीं कक्षा में अध्ययनरत थीं नेलागोंडा घाट को नाव से पार कर रही थीं। अचानक नाव पलटने से दोनों बच्चियां तेज बहाव में बह गईं। घटना की जानकारी मिलने पर नगर सेना की टीम ने तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया थाए लेकिन पांच दिनों तक कोई सुराग नहीं मिला।शनिवार को ग्रामीणों ने नदी के अलग.अलग घाटों पर झाड़ियों में शव फंसा देखा और सूचना नगर सेना को दी। मौके पर पहुंची टीम ने दोनों शवों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला।



तहसीलदार भैरमगढ़ सूर्यकांत घरत ने बताया कि पिछले पांच दिनों से लगातार रेस्क्यू अभियान चल रहा था। नदी का बहाव कम होने के बाद दोनों बच्चियों के शव लगभग दो किलोमीटर दूर झाड़ियों में फंसे मिले। डॉक्टरों की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच कीए जिसके बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# फिट इंडिया के तहत नगर में निकाली गई सायकल रैली




## ✷ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी हुए सम्मानित

कांकेर 02 सितम्बर (दडकारण्य सामाचार) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुसार स्वस्थ एवं फिट समाज की दिशा में हो रहे प्रयासों के तहत आज जिला मुख्यालय कांकेर में फिट इंडिया साइकिल रैली का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में किया गया। रैली नरहरदेव पीएम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर से प्रारंभ होकर पुराने बस स्टैण्ड होते हुए पुनः विद्यालय के खेल मैदान में सम्पन्न हुई। रैली को जिला शिक्षा अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस तरह तीन दिवसीय कार्यक्रम का आज समापन हुआ।

इस दौरान पहले दिन आउटडोर प्रतियोगिताएं रिले.रेस फुटबॉल हॉकी एवं वॉलीबॉल दूसरे दिन इनडोर खेल कैरम शतरंज फुगड़ी बैडमिंटनए रस्साखीच एवं कुर्सी दौड़द्ध तथा तीसरे और अंतिम दिन सद्भावना साइकिल रैली का आयोजन किया गया। नरहरदेव स्कूल प्रांगण के डोम में समापन अवसर पर विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी खेल अधिकारी संजय जैन सहित स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारीए खिलाड़ी एनसीसीए स्काउट कैडेट्स सहित विभिन्न विद्यालयए महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने काफी संख्या में सायकल रैली में हिस्सा लिया।

# जिले के 16 संकुल संगठन में दीदी के गोठ का प्रसारण



बीजापुर 02 सितम्बर (दडकारण्य सामाचार).पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अन्तगत रेडियो कार्यक्रम दीदी के गोठ का प्रसारण बीजापुर जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया। कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती नम्रता चैबे के निर्देशन में जिले भर में एस एच जी की अधिक से अधिक महिलाओं को प्रसारण से जोड़ने हेतु तैयारियां की गई। जिला स्तर के प्रसारण में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा सहित समूह की महिलाएँ अधिकारी. कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए चारों जनपद पंचायतों में भी कार्यक्रम के प्रसारण की व्यवस्था की गई। जिले में स्व सहायता समूह सी जुड़ी दीदियों ने अन्य जिले की दीदियों की सफलता की कहानी सुनी और कार्यक्रम की तारीफकी।

रेडियो प्रसारण कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चैहानए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का शुभकामना संदेश के साथ बिहान योजना के दीदियों की कहानी उन्हीं की जुबानी सुनाई गई। जिसमें नारायणपुर की दीदी का कहानी का प्रसारण किया गया।

जिले के 16 संकुल संगठन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला स्तर पर उपसंचालक पंचायत हिमांशु साहू जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री कल्पना समेत समूह की दीदियाँ एवं कर्मचारी उपस्थित रहीं।

# आदि कर्मयोगी अभियान का उन्मुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न

## ✷ सर्वोत्तम प्रयासों से आदि कर्मयोगी अभियान का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें . कलेक्टर ममगाई

नारायणपुर.02 सितम्बर (दडकारण्य सामाचार) केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक समयब पारदर्शी और प्रभावी ढंग से पहुंचाने एवं आदिवासी समुदाय को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आदि कर्मयोगी राष्ट्रीय अभियान का शुभारंभ किया गया है । इसी क्रम में अभियान के सुचारु संचालनए बहुविभागीय समन्वय तथा प्रभावी क्रियान्वयन हेतु नारायणपुर जिला पंचायत सभागार में जिला स्तरीय उन्मुखीकरण एवं संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के शुभारंभ में अभियान की संक्षिप्त जानकारी और उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए अपर कलेक्टर बिरेंद्र बहादुर पंचभाई ने अधिकारियों.कर्मचारियों से संवेदनशीलता प्रतिबद्धता और समयबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। मुख्य कार्यपालन अभियंता पीएचई श्री एस के वर्मा ने बताया कि आदि कर्मयोगी दल का गठन और उसकी कार्यप्रणाली कैसे होगी। श्री वासुदेव भारद्वाज मंडल संयोजक आदिवासी विकास विभाग ने कहा कि यह अभियान विश्व के सबसे बड़े जनजातीय समुदाय को योजनाओं से जोड़ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने और 2047 तक विकसित भारत निर्माण के लक्ष्य की प्राप्ति में सहायक होगा।



इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान आदिवासी अंचल में विकास की नई दिशा तय करेगा। इस अभियान के माध्यम से गांव.गांव तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित होगी।

कलेक्टर नारायणपुर प्रतिष्ठा ममगाई ने अभियान की सफलता हेतु बहुविभागीय समन्वय सामुदायिक सहभागिता और समयबद्धता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने सर्वोत्तम प्रयासों से केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को शत.प्रतिशत पूरा करें तथा आने वाली समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने नारायणपुर एवं ओरछा विकासखंड के 138 ग्रामों में आदि सेवा केंद्र स्थापित करने की जानकारी दी। इन केंद्रों के माध्यम से योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।